# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## निविदा आमंत्रण सूचना

**विज्ञप्ति संख्या – ......44../2025**

इंटर द्वितीय वर्ष, इंटरमीडिएट व्यावसायिक, मध्यमा, प्रा0 शिक्षक प्रशिक्षण एवं मदरसा (वस्तानिया, फोकानिया एवं मौलवी) परीक्षा 2026 के लिए उत्तरपुस्तिकाओं के मुद्रण हेतु Two Bid System के अन्तर्गत प्रतिष्ठित/निबंधित/अनुभवी मुद्रकों से, जिन्हें लोक परीक्षाओं में उत्तरपुस्तिकाओं के मुद्रण, निर्माण एवं विभिन्न स्थानों में आपूर्ति करने का अनुभव हो, से निविदा शर्त्त में दिये गये Specification एवं शर्त्तो के अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची कार्यालय से दिनांक 17.10.2025 से 18.11.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक, के कार्यालय अवधि में रू0 10,000 (दस हजार) का बैंक ड्राफ्ट **"JAC FUND"** के नाम से जमा कर, किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र की शुल्क राशि वापस नहीं की जायेगी। उत्तरपुस्तिका का नमूना परिषद् कार्यालय में देखा जा सकता है।

निविदा में तकनीकि बीड एवं वित्तीय बीड विहित प्रपत्र में भर कर हस्ताक्षर एवं सील के साथ अलग–अलग लिफाफे में सील बंद कर पुनः एक बड़े लिफाफे में सील कर दिया जाय। बड़े लिफाफे पर **"2026 परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मुद्रण एवं अपूर्ति हेतु निविदा"** लिखा रहें। निविदा दिनांक 19.11.2025 को 5:00 बजे अपराह्न तक परिषद् कार्यालय में जमा होगा। निविदा 20.11.2025 को 12:00 बजे मध्याह्न में खोला जायेगा। निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। प्रतिनिधि के रूप में शामिल होने हेतु प्राधिकृत पत्र लाना अनिवार्य होगा।

वित्तीय बीड एवं तकनीकि बीड अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफे में भरे जायेंगे। उन दोनों लिफाफों पर अलग–अलग **"वित्तीय निविदा"** (Financial Bid) तथा **"तकनीकि निविदा"** (Technical Bid) लिखा रहे। सर्वप्रथम निविदा शर्त्तो की पूर्ति हेतु सभी निविदादाताओं के तकनीकि बीड की लिफाफा खोले जायेगें। तकनीकि बीड के समीक्षा के उपरांत जो निविदादाता सभी वांछित शर्त्तो की पूर्ति करेगें, उन्हीं का वित्तीय बीड का लिफाफा खोला जायेगा।

कार्यो का व्योरा एवं शर्त्ते तकनीकि बीड में एवं वित्तीय बीड (दर निर्धारण हेतु) निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है। बिना कारण बताए निविदा रद्द करने या एक से अधिक निविदादाताओं के बीच कार्य वितरण करने का अधिकार पूर्णरूपेण अध्यक्ष, झारखण्ड अधिविद्य परिषद के पास सुरक्षित रहेगा।

नोट :– 1. निविदा प्रपत्र को परिषद् के वेबसाईट www.jac.jharkhand.gov.in/jac/ से भी डाउनलोड किया जा सकता है। वेबसाईट से डाउनलोड करने की परिस्थिति में निविदा प्रपत्र क्रय का मूल्य **Rs. 10,000/-(दस हजार रू0)** का **"JAC FUND"** के नाम बैंक ड्राफ्ट (जो किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का हो) निविदा प्रपत्र के तकनीकि बीड के साथ जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनके द्वारा प्रस्तुत निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

2. भरे हुए निविदा प्रपत्र परिषद् में कार्यालय अवधि में ही जमा किये जायेगें। अन्य किसी भी माध्यम से प्रेषित किये गये (डाक, रजिस्ट्री, Courier, E-mail, इत्यादि) निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।

ज्ञापांक: JAC/भंडार/1918/25/Secy/1028/25
दिनांक 15.10.2025

अध्यक्ष के आदेश से,
सचिव
झारखण्ड अधिविद्य परिषद,
राँची।

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## निविदा विवरण एवं शर्त्तो

## निविदा संख्या - 44/2025

क) निविदा :-

इंटरमीडिएट द्वितीय वर्ष, मध्यमा, मदरसा, प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण एवं इंटर व्यवसायिक परीक्षा 2026 के लिए सफेद चमकदार इनर वाटरमार्क/बिना वाटर मार्क कागज से उत्तरपुस्तिकाओं का निर्माण एवं मुद्रण कर झारखण्ड राज्य के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों एवं परीषद् द्वारा निर्दिष्ट स्थानों में पहुँचाने हेतु कागज, मुद्रण, वाहन, GST एवं अन्य सभी व्यय तथा कर सहित कार्य के लिए प्रतिष्ठित एवं पंजीकृत मुद्रकों (प्रेस) से दिनांक 18.11.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक निम्नांकित शर्त्तो के साथ मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है :-

इच्छुक निविदादाता मुहरबन्द निविदा सचिव, झारखण्ड अधिविद्य परिषद, ज्ञानदीप परिसर नामकुम, बड़गावाँ राँची के पदनाम से जमा करेंगे। निविदा प्रपत्र का शुल्क राशि **रू0 10,000 (दस हजार)** का बैंक ड्राफ्ट, जो **"JAC FUND"** के नाम से देय तथा किसी राष्ट्रीय बैंक में भुगतेय हो, जमा कर किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 17.10.2025 से 18.11.2025 तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र का शुल्क राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा दिनांक 20.11.2025 को 12:00 बजे परिषद् की क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वयं या अपने प्रतिनिधि को उपस्थित रहने के लिए अधिकृत कर सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर बिना कारण बताये किसी/सभी निविदाओं को रद्द करने का अधिकार परिषद् के अध्यक्ष को पूर्णरूपेण सुरक्षित है। बैंक ड्राफ्ट निविदा प्रकाशन के तिथि के बाद का होना चाहिए।

ख) उत्तरपुस्तिकाओं की विशिष्टाएँ :-

1) सैद्धान्तिक परीक्षा के लिए मुद्रित होनेवाली उत्तरपुस्तिका की विशिष्टता - सफेद क्रीम वोभ 65 GSM, Brightness 80% एवं Opacity 85% कागज के साथ JAC मोनोग्राम होगी। इसके लिए उत्तरपुस्तिकाओं के प्रकार के अनुसार उत्तरपुस्तिका का दर प्रति हजार में अंकित किया जाये। **दर कम्प्यूटाराइज्ड अंकित होना चाहिए।**

### परीक्षावार उत्तरपुस्तिकाओं की विवरणी

| क्र0 सं0 | परीक्षा का नाम | पृष्ठों की संख्या | मुद्रण के लिए स्याही का रंग | अनुमानित संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01. | इंटरमीडिएट द्वितीय वर्ष (कला संकाय) | 24पृष्ठ | काला स्याही | 2065000 |
| 02. | इंटरमीडिएट द्वितीय वर्ष (विज्ञान संकाय) | 24पृष्ठ | लाल स्याही | 750000 |
| 03. | इंटरमीडिएट द्वितीय वर्ष (वाणिज्य संकाय) | 24पृष्ठ | हरा स्याही | 200000 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 04. | इंटरमीडिएट द्वितीय वर्ष (प्रायोगिक परीक्षा) | 08पृष्ठ | हरा बैंगनी स्याही | 800000 |
| 05. | इंटरमीडिएट व्यावसायिक परीक्षा | 28पृष्ठ | बैंगनी स्याही | 4000 |
| 06. | मदरसा (वस्तानिया एवं फौकानिया) | 12पृष्ठ | लाल स्याही | 153000 |
| 07. | मदरसा (मौलवी) | 20पृष्ठ | हरा स्याही | 23000 |
| 08. | मध्यमा (संस्कृत) | 20पृष्ठ | काला स्याही | 53000 |
| 09. | प्रा० शिक्षक प्रशिक्षण | 28पृष्ठ | काला स्याही | 100000 |

2) सभी उत्तरपुस्तिकाओं का आकार 28 X 22 सें0मी0 प्रति पृष्ठ का होगा।

3) संकायवार/परीक्षावार उत्तरपुस्तिकाओं के आवरण पृष्ठ का रंग तथा उत्तरपुस्तिकाओं का क्रमसंख्या अलग-अलग रहेगा, जिसे अंकित करना अनिवार्य होगा।

4) उत्तरपुस्तिका (65 GSM) स्टैंडर्ड मील द्वारा निर्मित क्रीम वोभ कागज का होगा। कागज पर JAC का मोनोग्राम रहेगा। निविदा के साथ पूरे आकार का कागज तथा कपड़े के धागे से सिलाईवाली उत्तरपुस्तिका का नमूना संलग्न होना अनिवार्य है और साथ में प्रयुक्त कागज आपूर्ति का ब्यौरा संबंधित मील/पेपर डीलर का ब्यौरा देना होगा, जिससे उत्तरपुस्तिका का निर्माण किया जायेगा।

5) उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर **"JAC"** का वाटरमार्क स्पष्ठ रूप से दिखाई देना चाहिए।

6) प्रत्येक उत्तरपुस्तिका के बायें ऊपर कोने पर **"JAC"** मार्क का परफोरेशन करना होगा। परन्तु मदरसा उत्तरपुस्तिका में दायें ऊपर कोने पर **"JAC"** मार्क का परफोरेशन होगा।

7) उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के साथ प्रत्येक पृष्ठ पर **"JAC"** का मोनोग्राम अंकित करना होगा तथा प्रत्येक पृष्ठ 30 लाईन का होगा।

8) उत्तरपुस्तिका को कपड़े के धागे से मजबूती से सिलाई करना अनिवार्य होगा।

9) कुल पृष्ठों में दोनों तरफ नमूनानुसार हसिया अंकित करना होगा।

10) उत्तरपुस्तिकाओं के हासिये में **"JAC 2026"** लिखा रहे एवं नीचे नमूनानुसार अंकित रहे। "Do not write your name or any mark of identification in any part of your answer book. For writing an answer (Including heading) use Black/Blue ink only."

11) उत्तरपुस्तिकाओं का पैकेट बनाना :-

| क्र0 सं0 | परीक्षा का नाम/ उत्तरपुस्तिकाओं का प्रकार | पृष्ठों की संख्या | पैकेट के लिए बोरों का रंग | प्रति पैकेट में उत्तरपुस्तिका की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01. | इंटरमीडिएट द्वितीय वर्ष (कला संकाय) | 24पृष्ठ | सफेद प्लास्टिक बोरा | 200 |
| 02. | इंटरमीडिएट द्वितीय वर्ष (विज्ञान संकाय) | 24पृष्ठ | पीला प्लास्टिक बोरा | 200 |
| 03. | इंटरमीडिएट द्वितीय वर्ष (वाणिज्य संकाय) | 24पृष्ठ | नीला प्लास्टिक बोरा | 200 |
| 04. | इंटरमीडिएट द्वितीय वर्ष (प्रायोगिक परीक्षा) | 08पृष्ठ | हरा प्लास्टिक बोरा | 500 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 05. | इंटरमीडिएट व्यावसायिक परीक्षा | 28पृष्ठ | लाल प्लास्टिक बोरा | 200 |
| 06. | मदरसा (वस्तानिया एवं फौकानिया) | 12पृष्ठ | सफेद प्लास्टिक बोरा | 250 |
| 07. | मदरसा (मौलवी) | 20पृष्ठ | पीला प्लास्टिक बोरा | 200 |
| 08. | मध्यमा (संस्कृत) | 20पृष्ठ | लाल प्लास्टिक बोरा | 200 |
| 09. | प्रा० शिक्षक प्रशिक्षण | 28पृष्ठ | पीला प्लास्टिक बोरा | 200 |

**नोट :-** उत्तरपुस्तिका को दो तरफ से प्लास्टिक रस्सी से बांधकर बोरे में डाले एवं बाहर से चारों तरफ से मजबूत प्लास्टिक की रस्सी से बांधना होगा। प्रत्येक पैकेटों के भीतर बन्द उत्तरपुस्तिका का क्रम संख्या पैकेटों के ऊपर अंकित करना आवश्यक है।

**ग) निर्देश/शर्त्तें :-**

1) तकनीकि बीड एवं वित्तीय बीड अलग-अलग लिफाफे में सील कर तकनीकि बीड/वित्तीय बीड लिफाफे में अंकित करना आवश्यक होगा। उक्त दोनों लिफाफा को एक बड़े लिफाफे में रख कर पुनः सील कर दिया जाएगा। बड़े लिफाफे पर **"2026 परीक्षा की उत्तरपुस्तिका के निर्माण, मुद्रण एवं आपूर्त्ति हेतु निविदा"** लिखा रहे।

2) निविदा दिनांक 19.11.2025 को 5:00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में जमा करेंगे। निविदा दिनांक 20.11.2025 को मध्याह्न 12:00 बजे खोला जाएगा। भरे हुए निविदा प्रपत्र सीधे परिषद् कार्यालय में कार्यालय अवधि में ही जमा किये जायेंगे। अन्य किसी भी माध्यम से प्रेषित (डाक, रजिस्ट्री, ई-मेल, इत्यादि) किए गए निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

3) सर्वप्रथम निविदा की शर्त्तों की पूर्त्ति हेतु सभी निविदादाताओं के तकनीकी बीड के लिफाफे खोले जायेंगे। तकनीकी बीड में जो निविदादाता वांछित शर्त्तों को पूरा करेंगे, उन्हीं का वित्तीय बीड का लिफाफा खोला जाएगा।

4) मुद्रित एवं निर्मित उत्तरपुस्तिकाओं को आवश्यकतानुसार झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत निर्धारित परीक्षा केन्द्रों एवं परिषद् द्वारा निर्दिष्ट स्थानों पर परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित तिथि से एक सप्ताह पूर्व पहुँचाने का दायित्व, उत्तरपुस्तिका का मुद्रण एवं निर्माण करने वाले निविदादाता का ही होगा। परीक्षा केन्द्रों की सूची तथा उत्तरपुस्तिकाओं की संख्या केन्द्रवार आवश्यकता अनुसार परिषद् द्वारा उन्हें ससमय उपलब्ध करायी जाएगी। साथ ही परिषद् द्वारा निर्दिष्ट स्थानों की सूची एवं आवश्यकता अनुसार उत्तरपुस्तिका संख्या ससमय दी जायेगी।

5) उत्तरपुस्तिकाएँ विभिन्न परीक्षा केन्द्रों एवं निर्दिष्ट स्थानों पर आपूर्ति करने में होने वाला परिवहन व्यय,GST, उत्तरपुस्तिका मुद्रण एवं निर्माण की व्यय, कागज क्रय की व्यय, राज्य एवं केन्द्रीय कर, अन्य व्यय हो तो (कर सहित) के साथ प्रति हजार में उत्तरपुस्तिकाओं का दर निविदादाता अपने निविदा में अंकित करेंगे। **दर कम्प्यूटराइज्ड अंकित होना चाहिए।**

घ) तकनीकी शर्त्ते (Technical Condition)

1. निविदादाताओं को अग्रधन के रूप में रू0 2,00,000 (दो लाख) का बैंक ड्रॉफ्ट निविदा प्रपत्र के तकनीकी बीड के साथ संलग्न करना होगा। आपूर्तिकर्त्ता को कार्यादेश निर्गत करने के पूर्व एकरारनामा करने के समय अग्रधन के अतिरिक्त राशि रू0 1,00,000/- (एक लाख) का बैंक ड्रॉफ्ट, प्रतिपूर्त्ति/जमानत की राशि के रूप में जमा करना होगा। सभी राशि बैंक ड्रॉफ्ट, **"JAC FUND"** के नाम से भुगतेय होगा। जिसे देयक विपत्र का सभी भुगतान के बाद वापस कर दिया जायेगा। यदि निविदादाता को अग्रधन/जमानत राशि जमा करने में किसी प्रकार की कोई छूट हो तो प्रेस के नाम से निर्गत प्रमाण/साक्ष्य संलग्न करें। प्रमाण/साक्ष्य राज्य स्तर का हो। बैंक ड्रॉफ्ट निविदा प्रकाशन के तिथि के बाद का होना चाहिए।
2. चयनित निविदादाता को आपूर्त्ति आदेश निर्गत करने से पूर्व आवश्यक कागजात मूल रूप में एकरारनामा करने के समय दिखाना होगा।
3. निविदादाता के प्रेस का गत तीन वित्तीय वर्षो में टर्न ओभर कम से कम रू0 3,00,00,000/- (तीन करोड़) का प्रतिवर्ष औसत होना चाहिए। इससे संबधित चार्टर्ड एकाउन्टेंट से वर्ष 2022-23,2023-24 एवं 2024-25 का Audited Balance Sheet संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. आपूर्त्तिकर्त्ता को विपत्र से आवश्कतानुसार स्रोत पर आयकर, GST, राज्य एवं केन्द्रीय कर जो लागू हो आदि की कटौती की जायेगी। यदि आपूर्त्तिकर्त्ता इस दायरे में नहीं आते हों, तो उन्हें इसके लिए आवश्यक प्रमाण देना होगा।
5. स्व-अभिप्रमाणित अद्यतन (वित्तीय वर्ष 2024-25) आयकर प्रमाण पत्र/Return का साक्ष्य के साथ वाणिज्य कर एवं GST अदायगी का प्रमाण की छायाप्रति भी निविदा के साथ संलग्न करना होगा। जिस तिथि में निविदा सूचना प्रकाशित कि गयी हो उस तिथि से 1 माह पीछे का हो सकता है।
6. कपड़े के धागे से सिलाईवाली उत्तरपुस्तिकाओं का नमूना संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. उत्तरपुस्तिकाओं के निर्माण/मुद्रण से पूर्व उन्हें परिषद् से नमूना को अनुमोदित कराना आवश्यक होगा।
8. प्रत्येक निविदादाता द्वारा एक वर्ष का ऐसे सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्थानों में ली जानेवाली लोक परीक्षाओं में 30,00,000 (तीस लाख) उत्तरपुस्तिकाओं/अन्य कागजात के धागों से मजबूत सिलाई के साथ निर्माण, मुद्रण एवं आपूर्ति से संबंधित कार्यो के अनुभव एवं साक्ष्य का प्रमाण पत्र देना होगा।
9. निविदादाता अपने मुद्रणालय में कार्यरत बल के पूर्ण विवरण के साथ प्रि-प्रेस, प्रेस एवं पोस्ट प्रेस के संबंध में बिन्दुवार ब्यौरा संलग्न करेंगे।

10. निविदादाता के पास उत्तरपुस्तिका के मुद्रण एवं निर्माण हेतु उपयुक्त साईज के Web Offset Printing Machine कम–से–कम 04 (चार) तथा Thread Stiching Machine कम–से–कम 10 (दस) होनी चाहिए। Machine होने से संबंधित साक्ष्य के रूप में मशीन क्रय से संबंधित विपत्र की अभिप्रमाणित प्रति (मुहर के साथ) संलग्न करना अनिवार्य होगा।

11. उत्तरपुस्तिकाओं का निमार्ण एवं आपूर्ति की प्रक्रियाएँ पूर्णरूपेण गोपनीय है। आपूर्तिकर्त्ता को इसे सुनिश्चित करने के लिए एक **शपथ पत्र (नोटरी)** संलग्न करना होगा।

12. किसी भी परिस्थिति में अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।

13. प्रेस/संस्थान के प्रधान या प्रतिनिधि निविदा खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।

14. उत्तरपुस्तिकाओं को परिषद् द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों एवं निर्दिष्ट स्थानों पर परीक्षा प्रारंभ होने की तिथि से एक सप्ताह पहले निश्चित रूप से हस्तगत करना होगा। उत्तरपुस्तिका के आपूर्ति के क्रम में ही एक प्रति चालान कार्यालय में जमा करते जाना है, चालान में उत्तरपुस्तिका की संख्या एवं क्रम संख्या अंकित करना जरूरी है।

15. I.S.O निबंधन संबंधी प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

16. निविदादाता को GST के अन्तर्गत निबंधित होना अनिवार्य होगा। इस हेतु उक्त से संबंधित प्रमाण संलग्न किया जाना आवश्यक है।

17. पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है।

18. ट्रेड लाइसेन्स का साक्ष्य एवं SSI यूनिट से संबंधित निबंधन प्रमाण पत्र/ MSME प्रमाण पत्र/उद्योग आधार प्रमाण पत्र/कम्पनी रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र, जो लागू है, संलग्न करना आवश्यक है।

19. निविदादाता को अग्रधन की राशि का DD No., जारी करनेवाले बैंक का नाम एवं तिथि अंकित करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्रॉफ्ट निविदा प्रकाशन के तिथि के बाद का होना चाहिए।

20. कागज का ब्योरा 65 G.S.M, Whiteness/Brightness 80% (चमक) एवं Opacity 85% का हो, 5 शीट नमूना के रूप में कागज संलग्न करेंगे एवं कागज आपूर्ति करनेवाला मील का Lab Report संलग्न करना अनिवार्य होगा।

21. परिषद् से निविदा प्रपत्र क्रय का प्रमाणक या बैंक ड्राफ्ट संलग्न करेंगे।

22. निविदादाता का नाम, पता, दूरभाष संख्या एवं पिन कोड निविदा प्रपत्र में अंकित करना अनिवार्य होगा।

23. किसी एक या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार परिषद् को सुरक्षित है।

24. निविदा सचिव, झारखण्ड अधिविद्य परिषद् राँची के नाम से जमा की जायेगी।

25. निविदा एवं निविदा प्रपत्र में अंकित सभी शर्त्तें मान्य हैं, इससे संबंधित एक **शपथ पत्र (नोटरी से प्राप्त)** संलग्न करना अनिवार्य होगा।

26. मुद्रक (आपूर्तिकर्त्ता) द्वारा किसी प्रकार की गलती किये जाने पर परिषद् कोई भी कार्रवाई करने हेतु स्वतंत्र होगी।

27. निविदादाता/फार्म के विरूद्ध कोई न्यायिक मामला विचारधीन नहीं है और न ही काली सूची में दर्ज है। इस संबंध में **शपथ पत्र (नोटरी से प्राप्त)** निविदा के साथ संलग्न करेंगे। न्यायिक मामला विचारधीन एवं काली सूची में पाये जाने पर निविदा के साथ अग्रधन की राशि जब्त करते हुए निविदा से निष्कासित कर दिया जायेगा।

28. निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप उत्तरपुस्तिकाओं की आपूर्ति नहीं होने, गोपनीयता भंग होने, गुणवत्ता में कमी पाये जाने एवं फार्म को **L1** दर प्राप्त होने के उपरांत यदि कार्य नहीं करते है इस स्थिति में अग्रधन/जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी तथा कागज जाँच करने के बाद कमी पाये जाने पर समानुपातिक राशि काट कर भुगतान किया जायेगा।

29. उत्तरपुस्तिकाओं के मुद्रण से संबंधित इस आशय का **शपथ पत्र (नोटरी से प्राप्त)** देना आवश्यक होगा कि :– (शपथ पत्र में इन बिन्दुओं को अंकित करना होगा)

    i. उत्तरपुस्तिका का पन्ना फटा हुआ/रद्दी नहीं होगा।
    ii. निविदा में अंकित परीक्षाओं से संबंधित उत्तरपुस्तिकाओं के पृष्ठों की संख्या उसी के अनुरूप होगा तथा कम नहीं होगा।
    iii. उत्तरपुस्तिका पर अंकित किया जानेवाला क्रमांक स्पष्ट रूप से मुद्रित किया जायेगा।
    iv. उत्तरपुस्तिकाओं को निर्धारित अवधि में ही परीक्षा केन्द्रों एवं परिषद् द्वारा निर्दिष्ट स्थानों को हस्तगत् किया जायेगा।

30. परिषद् द्वारा निर्गत निविदा प्रपत्र संलग्न करें।

अनुलग्नक :– निविदा आमंत्रण सूचना की प्रति तथा परिषद् द्वारा निर्गत निविदा प्रपत्र की एक प्रति।

31. विपत्र भुगतान– मुद्रक द्वारा सभी परीक्षा केन्दों एवं निर्देशित स्थानों पर सही–सही आपूर्ति करने के उपरान्त प्राप्त चालान की जाँच की जायगी। जाँचोपरान्त जैसा उचित होगा, आदेशानुसार तत्काल 75% राशि भुगतान की जा सकती है, यदि प्रथम दृष्टि में किसी प्रकार की कमी पायी जाती है, तो समानुपातिक रूप से राशि भुगतान की जाएगी तथा शेष राशि उत्तरपुस्तिका निर्मित कागज की गुणवत्ता (GSM Brightness & Opacity), उत्तरपुस्तिका का आकार आदि के एजेंसी से जाँचोपरान्त भुगतान की जा सकेगी।

32. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का वाद–विवाद का निष्पादन का अधिकार स्थानीय क्षेत्र राँची होगा एवं राज्य स्तर पर माननीय उच्च न्यायालय राँची, झारखंड होगा।

**नोट :–** 1) तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड का लिफाफा अलग–अलग मुहरबंद रहेगा, जिसके ऊपर में मोटे अक्षरों में बीड का नाम लिखना अनिवार्य होगा। जिन निविदादाता का तकनीकी बीड स्वीकार किया जाएगा, उसी निविदादाता का वित्तीय बीड खोला जाएगा। यदि निविदादाता को निविदा प्रपत्र में अंकित किसी बिन्दु पर Clarification

की आवश्यकता हो तो वे निविदा जमा करने की तिथि के पूर्व परिषद् कार्यालय से किसी भी कार्यावधि में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

2) निविदा परिषद् के वेबसाईट www.jac.jharkhand.gov.in/jac/ पर उपलब्ध रहेगा। जो निविदादाता परिषद् के वेबसाईट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करेंगे, उन्हें 10,000/– (दस हजार) रूपये का "JAC FUND" के नाम से बैंक ड्राफ्ट निविदा प्रपत्र के तकनीकी बीड के साथ निविदा प्रपत्र क्रय शुल्क के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा उनके द्वारा प्रस्तुत निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। यदि निविदा प्रपत्र, क्रय का शुल्क पर किसी प्रकार का छूट हो तो प्रेस के नाम से निर्गत प्रमाण पत्र/ साक्ष्य संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्रमाण पत्र/साक्ष्य राज्य स्तर का होना चाहिए।

3) मुद्रक द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को परीक्षा अवधि तक सादी उत्तरपुस्तिका आपूर्ति से संबंधित कार्य करने हेतु कार्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।

**निविदादाता का हस्ताक्षर**

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## (तकनीकि निविदा)

**वर्ष 2026 परीक्षा हेतु उत्तरपुस्तिका निर्माण मुद्रण एंव आपूर्ति के लिए निर्धारित शर्त्ते :-**

(1) अग्रधन की राशि के लिए संलग्न बैंक ड्राफ्ट की विवरणी
बैंक ड्राफ्ट संख्या ................................ दिनांक .......................... राशि ..................
बैंक का नाम ..........................................................................................................
**बैंक ड्राफ्ट निविदा प्रकाशन तिथि के बाद को होना चाहिए।**

(2) निविदादाता के प्रेस का विगत तीन वर्षो का टर्न ओभर (वर्षवार)
i. वर्ष 2022-23 के लिए राशि ..........................................................................
ii. वर्ष 2023-24 के लिए राशि ..........................................................................
iii. वर्ष 2024-25 के लिए राशि ..........................................................................

(3) I.S.O. से पंजीकृत का प्रमाण पत्र संलग्न है/संलग्न नहीं है :- ................................

(4) आयकर रिटर्न की प्रति संलग्न है/संलग्न नहीं है :- ................................

(5) सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्थानों द्वारा ली जानेवाली लोक परीक्षा में उत्तरपुस्तिकाओं के निर्माण, मुद्रण एवं आपूर्ति से संबंधित अनुभव का विवरणी :-
i. ..........................................................................................................
ii. प्रमाण पत्र की प्रति (संलग्न है/नहीं है) :- ..................................................

(6) SSI में निबंधित (है या नहीं है) :- ................, प्रमाण पत्र (संलग्न है/नहीं है) .........

(7) GST में निबंधित ईकाई, राज्य के बाहर उत्पादनरत् ईकाई के स्थानीय कारपोरेट कार्यालय/स्थानीय कार्यालय/एजेन्ट/प्राधिकृत डीलर है, प्राधिकृत डीलर का फोटो, PAN Card एवं Aadhar No. का साक्ष्य संलग्न करें एवं पूरा पता दूरभाष संख्या के साथ अंकित करें :- ..........................................................................
..........................................................................................................
..........................................................................................................
......................................

(8) राज्य से बाहर के मुद्रक/निविदादाता के डीलर/एजेंट का राज्य के किसी पंजीकृत स्थानीय कार्यालय/स्थानीय कॉरपोरेट कार्यालय से एकरारनामा करना होगा, एकरारनामा में गोदाम भी अंकित होना चाहिए एवं कार्यालय को GST में निबंधित होना चाहिए।

(9) निविदादाता अपने मुद्रणालय का पूर्ण ब्यौरा कार्यबल के साथ प्रि-प्रेस, प्रेस एवं पोस्ट प्रेस के संबंध में बिन्दुवार ब्यौरा संलग्न करें। इसके अतिरिक्त निविदा सूचना में अंकित शर्त्त की पूर्ति हेतु सभी प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें। संलग्न है/संलग्न नहीं है :- ..........................................................................

एतद् द्वार मैं अभिप्रमाणित करता हूँ कि मेरे द्वारा दी गई सूचना सही एवं तथ्यपरक है। मेरे निविदा में कोई भी सूचना गलत या त्रुटिपूर्ण पाई जाती है, तो इसकी जिम्मेवारी मेरी होगी एवं परिषद् मेरे द्वारा समर्पित निविदा रद्द करने हेतु स्वतंत्र होगी।

निविदादाता का हस्ताक्षर

निविदादाता नीचे अंकित क्रम में ही अपने कागजात/अभिलेख/प्रमाण पत्र/साक्ष्य को संलग्न करेंगें :–

| क्र० सं० | कागजात/अभिलेख/प्रमाण पत्र/साक्ष्य | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अग्रधन की राशि 2,00,000/–(दो लाख) रूपये से संबांधित बैंक ड्राफ्ट, जारी करने वाले बैंक का नाम एवं दिनांक यदि छूट हो तो राज्यस्तीरय प्रमाण पत्र/ साक्ष्य संलग्न करें। | |
| 2. | निविदा प्रपत्र क्रय रसीद की छायाप्रति। ऑनलाइन डाउनलोड की स्थिति में 10,000/–(दस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट यदि छूट हो तो राज्यस्तीरय प्रमाण पत्र/ साक्ष्य संलग्न करें। | |
| 3. | 2022–23 2023–24 एवं 2024–25 का वार्षिक टर्न ओभर 3,00,00,000/– (तीन करोड़) रूपये का Audited Balance sheet प्रमाण पत्र, जो चार्टर्ड एकाउन्टेंट द्वारा प्रमाणित हो। | |
| 4. | Trade Licence का साक्ष्य एवं S.S.I Unit से संबंधित निबंधन/MSME/ कम्पनी रजिस्ट्रेशन का प्रमाण। | |
| 5. | (क) आयकार रिटर्न | |
| | (ख) G.S.T. प्रमाण पत्र | |
| | (ग) स्व–अभिप्रमाणित अदायगी का अद्यतन स्वच्छता प्रमाण पत्र की छायाप्रति। जिस तिथि में निविदा सूचना प्रकाशित हो उस तिथि से 1 माह पीछे का हो सकता है। | |
| 6. | (क) सिलाई वाली उत्तरपुस्तिका एवं कागज का नमूना 65 GSM , (Brightness- 80% & Opacity- 85%) 05 सीट नमूना के रूप में चमकदार कागज संलग्न करें। | |
| | (ख) कागज मील का प्रमाण पत्र/ब्यौरा एवं लैब रिपोर्ट संलग्न | |
| 7. | एक वर्ष का सरकारी/अर्द्ध सरकारी संस्थानों में ली जाने वाली लोक परीक्षा में 30,00,000(तीस लाख) उत्तरपुस्तिकाओं/अन्य कागजातों के धागों से सिलाई के साथ निर्माण, मुद्रण एवं आपूर्ति से संबंधित कार्यो के अनुभव एवं साक्ष्य का प्रमाण | |
| 8. | मुद्रणलय का पूर्ण ब्यौरा एवं कार्यरत बल के साथ प्री–प्रेस, प्रेस एवं पोस्ट प्रेस के अनुभव एवं साक्ष्य का प्रमाण | |
| 9. | (क) वेब ऑफसेट प्रिंटिंग 4 मशीन का साक्ष्य (विपत्र का साक्ष्य) अभिप्रमाणित एवं मुहर के साथ | |
| | (ख) थ्रेड स्टीचिंग 10 मशीन का साक्ष्य (विपत्र का साक्ष्य) अभिप्रमाणित एवं मुहर के साथ | |
| 10. | आयकर (प्रमाण पत्र के रूप में पैन कार्ड संलग्न) | |
| 11. | ISO प्रमाण पत्र | |
| 12. | शपथ पत्र (गोपनीयता बरतने से संबंधित) | |
| 13. | निविदा प्रपत्र में सभी शर्ते मान्य है, का शपथ पत्र | |
| 14. | काली सूची एवं न्यायिक मामला विचारधीन में नहीं रहने से संबंधित शपथ पत्र | |
| 15. | उत्तरपुस्तिकाओं के मुद्रण से संबंधित शपथ पत्र (चार बिन्दुओं को अंकित करते हुए) | |
| 16. | राज्य के बाहर उत्पादनरत्त ईकाई के स्थानीय कारपोरेट कार्यालय/स्थानीय/कार्यालय/एजेन्ट/प्राधिकृत डीलर है, का प्रमाण पत्र का आधार कार्ड एवं पैन कार्ड का साक्ष्य संलग्न करें। | |
| 17. | डीलर/एजेन्ट का किसी स्थानीय कार्यालय/स्थानीय कारपोरेट कार्यालय | |

| | | |
|---|---|---|
| | से एकरारनामा हो, एकरारनामा में गोदाम भी अंकित करना है, पंजीकृत का साक्ष्य एवं पूरा पता। | |
| 18. | परिषद् द्वारा निर्गत निविदा प्रपत्र संलग्न करें। | |
| 19. | निविदादाता का नाम, पता, दूरभाष संख्या एवं पिन कार्ड सहित। | |

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## उत्तरपुस्तिका के निर्माण मुद्रण एवं आपूर्ति करने हेतु दर का निर्धारण

## (वित्तीय बीड)

निविदा संख्या – 44/2025

1. प्रेस का नाम :– ..........................................................................................

2. प्रेस का पंजीयन संख्या (छायाप्रीत संलग्न) :– ..................................................

3. अग्रधन की राशि :– ....................................... डाफ्ट संख्या :– ....................

दिनांक :– .............................. बैंक का नाम :– ................................................

आवश्यक निर्देश :–

निविदा दर में सभी प्रकार के राज्य एवं केन्द्रीय कर, GST, उत्तरपुस्तिका निर्माण एवं मुद्रण में होने वाले व्यय, कागज क्रय के व्यय,उत्तरपुस्तिका परीक्षा केन्द्रों एवं परिषद् द्वारा निर्दिष्ट स्थानों में आपूर्ति करने संबंधित परिवहन व्यय तथा अन्य सभी व्यय शामिल रहेगा दर अंकित करते समय किसी भी तथ्य का भूल नहीं होना चाहिए। दर साफ–साफ अंकित किया जाये। कर की कटौती परिषद् द्वारा की जायेगी। दर कम्प्यूटराज्ड अंकित होना चाहिए।

| क्र0 | परीक्षा का नाम | उत्तरपुस्तिका का विशिष्टता | दर प्रति हजार |
|---|---|---|---|
| 1. | इन्टरमीडिएट द्वितीय वर्ष कला संकाय सैद्धांतिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका | 24 पृष्ठों की लाइनदार उत्तरपुस्तिका<br>साईज – 28cm X 22cm<br>सफेद क्रीम वोभ 65GSM कागज के साथ JAC मोनोग्राम तथा Brightness 80% एवं Opacity 85%<br>प्रत्येक पृष्ठ पर 30 लाईन | वाटर मार्क<br>दर प्रति हजार ................ ........................................<br>बिना वाटर मार्क<br>दर प्रति हजार ............. ........................................ |
| 2. | इन्टरमीडिएट द्वितीय वर्ष विज्ञान संकाय सैद्धांतिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका | 24 पृष्ठों की लाइनदार उत्तरपुस्तिका<br>साईज – 28cm X 22cm<br>सफेद क्रीम वोभ 65GSM कागज के साथ JAC मोनोग्राम तथा Brightness 80% एवं Opacity 85%<br>प्रत्येक पृष्ठ पर 30 लाईन | वाटर मार्क<br>दर प्रति हजार ................ ........................................<br>बिना वाटर मार्क<br>दर प्रति हजार ............. ........................................ |
| 3. | इन्टरमीडिएट द्वितीय वर्ष वाणिज्य संकाय सैद्धांतिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका | 24 पृष्ठों की लाइनदार उत्तरपुस्तिका<br>साईज – 28cm X 22cm<br>सफेद क्रीम वोभ 65GSM कागज के साथ JAC मोनोग्राम तथा Brightness 80% एवं Opacity 85%<br>प्रत्येक पृष्ठ पर 30 लाईन | वाटर मार्क<br>दर प्रति हजार ................ ........................................<br>बिना वाटर मार्क<br>दर प्रति हजार ............. ........................................ |
| 4. | इन्टरमीडिएट द्वितीय वर्ष प्रायोगिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका | 08 पृष्ठों की लाइनदार उत्तरपुस्तिका<br>साईज – 28cm X 22cm<br>सफेद क्रीम वोभ 65GSM कागज के साथ JAC मोनोग्राम तथा Brightness 80% एवं Opacity 85%<br>प्रत्येक पृष्ठ पर 30 लाईन | वाटर मार्क<br>दर प्रति हजार ................ ........................................<br>बिना वाटर मार्क<br>दर प्रति हजार ............. ........................................ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | इन्टरमीडिएट व्यावसायिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका | 28 पृष्ठों की लाइनदार उत्तरपुस्तिका<br>साईज – 28cm X 22cm<br>सफेद क्रीम वोभ 65GSM कागज के साथ JAC मोनोग्राम तथा Brightness 80% एवं Opacity 85%<br>प्रत्येक पृष्ठ पर 30 लाईन | वाटर मार्क<br>दर प्रति हजार ................<br>........................................<br>बिना वाटर मार्क<br>दर प्रति हजार .............<br>........................................ |
| 6. | मदरसा (वस्तानिया एवं फौकानिया) सैद्धान्तिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका | 12 पृष्ठों की लाइनदार उत्तरपुस्तिका<br>साईज – 28cm X 22cm<br>सफेद क्रीम वोभ 65GSM कागज के साथ JAC मोनोग्राम तथा Brightness 80% एवं Opacity 85%<br>प्रत्येक पृष्ठ पर 30 लाईन | वाटर मार्क<br>दर प्रति हजार ................<br>........................................<br>बिना वाटर मार्क<br>दर प्रति हजार .............<br>........................................ |
| 7. | मदरसा (मौलवी) सैद्धान्तिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका | 20 पृष्ठों की लाइनदार उत्तरपुस्तिका<br>साईज – 28cm X 22cm<br>सफेद क्रीम वोभ 65GSM कागज के साथ JAC मोनोग्राम तथा Brightness 80% एवं Opacity 85%<br>प्रत्येक पृष्ठ पर 30 लाईन | वाटर मार्क<br>दर प्रति हजार ................<br>........................................<br>बिना वाटर मार्क<br>दर प्रति हजार .............<br>........................................ |
| 8. | मध्यमा सैद्धान्तिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका | 20 पृष्ठों की लाइनदार उत्तरपुस्तिका<br>साईज – 28cm X 22cm<br>सफेद क्रीम वोभ 65GSM कागज के साथ JAC मोनोग्राम तथा Brightness 80% एवं Opacity 85%<br>प्रत्येक पृष्ठ पर 30 लाईन | वाटर मार्क<br>दर प्रति हजार ................<br>........................................<br>बिना वाटर मार्क<br>दर प्रति हजार .............<br>........................................ |
| 9. | प्रा0 शिक्षक प्रशिक्षण सैद्धान्तिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका | 28 पृष्ठों की लाइनदार उत्तरपुस्तिका<br>साईज – 28cm X 22cm<br>सफेद क्रीम वोभ 65GSM कागज के साथ JAC मोनोग्राम तथा Brightness 80% एवं Opacity 85%<br>प्रत्येक पृष्ठ पर 30 लाईन | वाटर मार्क<br>दर प्रति हजार ................<br>........................................<br>बिना वाटर मार्क<br>दर प्रति हजार .............<br>........................................ |

**शर्त्ते –**

(क) अस्पष्ट एवं सशर्त्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

(ख) उत्तरपुस्तिका की छपाई का नमूना एवं आकार आदि परिषद् कार्यालय में किसी कार्य दिवस कार्यालय अवधि में ही देखा जा सकता है।

(ग) उत्तरपुस्तिका के मुख पृष्ट पर मुद्रण की विषय–वस्तु परिषद् कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(घ) उत्तरपुस्तिका का मुद्रण इन्टर **द्वितीय वर्ष** के लिए विज्ञान संकाय के लिए लाल रंग से, वाणिज्य संकाय के लिए हरे रंग से तथा कला संकाय के लिए काले रंग से होगा। **मदरसा के दोनों प्रकार** की उत्तरपुस्तिकाएँ अलग–अलग नमूनानुसार रंगों में, **मध्यमा काले** रंग में तथा इंटर **प्रायोगिक विषय** की उत्तरपुस्तिकाओं का मुद्रण **हरा बैंगनी** रंग में होगा। इंटर व्यावसायिक **बैंगनी** तथा प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण की उत्तरपुस्तिकाओं का मुद्रण **काले स्याही** से होगा।

(ङ) इंटर द्वितीय वर्ष सैद्धांतिक विषयों की उत्तरपुस्तिकाएँ 24 पृष्ठों एवं इन्टर प्रायोगिक उत्तरपुस्तिका 08 पृष्ठों की होगी। मदरसा सैद्धांतिक उत्तरपुस्तिका 12 पृष्ठ एवं 20 पृष्ठ की होगी। मध्यमा उत्तरपुस्तिका (संस्कृत) 20 पृष्ठों की होगी। इंटर व्यावसायिक सैद्धान्तिक परीक्षा एवं प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा हेतु उत्तरपुस्तिका 28 पृष्ठों की होगी। प्रत्येक पृष्ठ पर 30 लाईन होना चाहिए।

(च) वाटर मार्क एवं बिना वाटर मार्क की उत्तरपुस्तिकाओं की दर अंक एवं शब्दों में साफ-साफ अंकित किया जाये। निविदा दर में सभी प्रकार के राज्य एवं केन्द्रीय कर, GST तथा परिवहन व्यय शामिल रहेगा एवं कर की कटौती परिषद् द्वारा की जाएगी। उत्तरपुस्तिका निर्माण एवं मुद्रण कागज क्रय, आपूर्ति हेतु परिवहन व्यय तथा अन्य सभी व्यय शामिल रहेगा।

(छ) **अन्य शर्त्त एवं ब्यौरा संलग्न निविदा सूचना के अनुरूप उत्तरपुस्तिकाओं की संख्या में कमी/वृद्धि हो सकती है। परन्तु दर में कोई बदलाव एवं कोई दावा मान्य नहीं होगा।**

(ज) निविदा निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (अगर वे उपस्थित रहना चाहें) दिनांक 20.11.2025 को मध्याह्न 12:00 बजे खोली जाएगी।

(झ) परिषद् के अध्यक्ष को बिना कारण बताये निविदा रद्द करने या एक से अधिक निविदादाताओं के बीच कार्य वितरण करने का अधिकार पूर्णतः सुरक्षित रहेगा।

(ञ) निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के वाद-विवाद का निष्पादन का अधिकार स्थानीय क्षेत्र राँची होगा एवं राज्य स्तर पर माननीय उच्च न्यायालय राँची, झारखंड होगा।

निविदादाता का हस्ताक्षर एवं मुहर